लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4053

दिनांक 25.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

## राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता

**4053. श्री तंगेला उदय श्रीनिवासः**

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले आंध्र प्रदेश के हथकरघा क्लस्टरों और उन्हें आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) एनएचडीपी के अंतर्गत काकीनाडा के सहायता-प्राप्त हथकरघा क्लस्टरों का विशिष्ट ब्यौरा क्या है तथा कार्यान्वयन की स्थिति क्या है और बुनकरों को कितना लाभ मिला है;

(ग) एनएचडीपी के अंतर्गत सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी), डाई हाउस और यार्न बैंकों की स्थापना के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई वित्तीय सहायता का आंध्र प्रदेश सहित राज्यवार और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रशिक्षण और डिजाइन नवाचार के लिए बुनकर सेवा केंद्रों (डब्ल्यूएससी) की स्थिति क्या है और साथ ही आंध्र प्रदेश के लिए स्थान और प्रभाव सहित जिला-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश में एनएचडीपी के समक्ष कार्यान्वयन में कोई विलंब या चुनौतियां आई हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क):** क्लस्टर विकास कार्यक्रम (सीडीपी) जोकि राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) का एक घटक है, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर आंध्र प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में उन्नत करघे एवं सहायक उपकरण, वर्कशेड का निर्माण, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, उत्पाद एवं डिजाइन विकास आदि जैसे विभिन्न इंटरवेंशन्स के माध्यम से आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर, पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान 44 सीडीपी के लिए 1,790.05 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में सहायता प्राप्त सीडीपी, स्वीकृत/जारी और उपयोग की गई निधियों का जिले-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

**(ख):** आंध्र प्रदेश राज्य के काकीनाडा जिले में, 03 हथकरघा क्लस्टरों में 1,333 लाभार्थियों को कवर करते हुए विभिन्न इंटरवेंशन्स जैसे उन्नत करघे और सहायक उपकरण, वर्कशेड का निर्माण, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, उत्पाद और डिजाइन विकास आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान 77.137 लाख रुपये स्वीकृत/जारी किए गए, जिनमें से 65.39 लाख रुपये का उपयोग कर लिया गया है।

**(ग):** राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, सामान्य सुविधा केन्द्रों (सीएफसी) और यार्न बैंक की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, इस प्रयोजन हेतु पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान इस योजना के तहत कोई वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है। इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश सहित किसी भी राज्य को डाई हाउस स्थापित करने हेतु कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई है।

**(घ):** आंध्र प्रदेश राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उनके अधिकार क्षेत्र के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में 29 बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) प्रचालित हैं। पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान हथकरघा बुनकरों को समर्थ योजना (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) के तहत प्रदान किए गए कौशल प्रशिक्षण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-**II** में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान बुनकर सेवा केंद्र, विजयवाड़ा के माध्यम से आंध्र प्रदेश राज्य में प्रदान किए गए कौशल प्रशिक्षण का जिले-वार ब्यौरा अनुबंध-**III** में दिया गया है।

**(ङ):** ऐसा कोई मामला भारत सरकार के संज्ञान में नहीं आया है।

अनुबंध -I

**दिनांक 25.03.2025 को नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4053 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान एनएचडीपी के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में वित्तीय सहायता प्राप्त सीडीपी, जारी और उपयोग की गई निधियों का जिले-वार ब्यौरा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | सीडीपी की सं. | जारी निधियां (लाख रू. में) | उपयोग की गई निधियां (लाख रू. में) |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | अनकापल्ली | 1 | 48.78 | 41.93 |
| 2 | अनंतपुरमु | 3 | 107.89 | 8.48 |
| 3 | अन्नमय्या | 4 | 228.50 | 31.37 |
| 4 | बापतला | 1 | 58.89 | 0.00 |
| 5 | चित्तूर | 2 | 98.89 | 91.70 |
| 6 | पूर्वी गोदावरी | 3 | 81.69 | 65.42 |
| 7 | गुंटूर | 5 | 284.36 | 197.67 |
| 8 | काकीनाडा | 3 | 77.14 | 65.39 |
| 9 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा | 2 | 81.79 | 65.33 |
| 10 | कुरनूल | 2 | 90.57 | 76.05 |
| 11 | पार्वतीपुरम मान्यम | 2 | 50.84 | 37.18 |
| 12 | नांदयाल | 1 | 44.43 | 9.08 |
| 13 | पालनाडू | 1 | 34.60 | 0.00 |
| 14 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 2 | 69.69 | 58.23 |
| 15 | श्रीकाकुलम | 4 | 124.84 | 92.54 |
| 16 | श्री सत्य साई | 2 | 34.34 | 1.20 |
| 17 | तिरुपति | 3 | 144.03 | 0.03 |
| 18 | विजयनगरम | 1 | 47.18 | 42.43 |
| 19 | पश्चिम गोदावरी | 2 | 81.61 | 59.59 |
| | **कुल** | **44** | **1,790.05** | **943.62** |

अनुबंध -II

दिनांक 25.03.2025 को नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4053 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

**2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान समर्थ के तहत प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1,425 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 225 |
| 3 | असम | 1,979 |
| 4 | बिहार | 947 |
| 5 | छत्तीसगढ | 807 |
| 6 | दिल्ली | 305 |
| 7 | गोवा | 55 |
| 8 | गुजरात | 1,067 |
| 9 | हरियाणा | 333 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 294 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 992 |
| 12 | झारखंड | 931 |
| 13 | कर्नाटक | 1,165 |
| 14 | केरल | 1,670 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1,274 |
| 16 | महाराष्ट्र | 1,632 |
| 17 | मणिपुर | 1,220 |
| 18 | मेघालय | 163 |
| 19 | मिजोरम | 753 |
| 20 | नागालैंड | 585 |
| 21 | ओडिशा | 1,259 |
| 22 | पंजाब | 139 |
| 23 | राजस्थान | 646 |
| 24 | तमिलनाडु | 2,099 |
| 25 | तेलंगाना | 1,940 |
| 26 | त्रिपुरा | 827 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 3,202 |
| 28 | उत्तराखंड | 440 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1,009 |
| | **कुल** | **29,383** |

**अनुबंध -III**

**दिनांक 25.03.2025 को नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4053 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान समर्थ के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षित बुनकरों का स्थान और जिले-वार ब्यौरा | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | स्थान | जिला | प्रशिक्षित बुनकरों की सं. |
| 1 | उरावकोंडा | अनंतपुर | 20 |
| 2 | यादिकी | | 36 |
| 3 | चिराला | बापतला | 15 |
| 4 | चेरुकुपल्ली | | 33 |
| 5 | बत्तीप्रोलू | | 16 |
| 6 | कनागला | | 17 |
| 7 | पीटरु | | 18 |
| 8 | बत्तीप्रोलू | | 16 |
| 9 | वेमुरु | | 16 |
| 10 | इपुरुपालेम | | 29 |
| 11 | मुरारी | पूर्वी गोदावरी | 16 |
| 12 | कठेरू | | 19 |
| 13 | पुलगुर्था | | 30 |
| 14 | पोलावरम | एलुरु | 20 |
| 15 | फिरंगीपुरम | गुंटूर | 126 |
| 16 | निदिब्रोलू/पोन्नूरू | | 20 |
| 17 | इलावरम | | 17 |
| 18 | फिरंगीपुरम | | 20 |
| 19 | निदिब्रोलू/पोन्नूरू | | 19 |
| 20 | इलावरम | | 39 |
| 21 | प्रथीपाडु | | 16 |
| 22 | मंगलगिरी | | 25 |
| 23 | दुर्गदा | काकीनाडा | 37 |
| 24 | गोलाप्रोलू | | 18 |
| 25 | पेडाना | कृष्णा | 32 |
| 26 | पेडाना | | 38 |
| 27 | कप्पालदोड्डी | | 40 |
| 28 | घण्टासाला | | 35 |
| 29 | अदोनी | कुरनूल | 20 |
| 30 | अदोनी | | 77 |
| 31 | येम्मिगनूर | | 18 |

| 2021-22 से 2024-25 (20.03.2025 तक) के दौरान समर्थ के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षित बुनकरों का स्थान और जिले-वार ब्यौरा | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | स्थान | जिला | प्रशिक्षित बुनकरों की सं. |
| 32 | नंदयाला | नंदयाला | 17 |
| 33 | अल्लागड्डा | | 18 |
| 34 | विजयवाड़ा | एनटीआर जिला. | 19 |
| 35 | मचावरम | पालनाडू | 17 |
| 36 | दाचेपल्ली | | 17 |
| 37 | सत्तेनापल्ली | | 37 |
| 38 | कोरसावाड़ा | श्रीकाकुलम | 28 |
| 39 | अमुदलवलासा | | 17 |
| 40 | अक्कुलपेटा | | 18 |
| 41 | अक्कुलपेटा | | 27 |
| 42 | सोमंडेपल्ली | श्री सत्यसाईं | 71 |
| 43 | सोमंडेपल्ली | | 19 |
| 44 | धर्मावरम | | 18 |
| 45 | सोमंडेपल्ली | | 28 |
| 46 | वेंकटगिरी | तिरुपति | 19 |
| 47 | वेंकटगिरी | | 18 |
| 48 | वेंकटगिरी | | 16 |
| 49 | विजाग | विशाखापत्तनम | 16 |
| 50 | विजाग (गजुवाका) | | 18 |
| 51 | टनुकु | पश्चिम गोदावरी | 19 |
| 52 | मोरगुडी | वाईएसआर कडप्पा | 17 |
| 53 | प्रोद्दातुर | | 16 |
| 54 | जम्मालमादुगु | | 17 |
| 55 | मोरगुडी | | 20 |
| | **कुल** | | **1,425** |

***